>

Title: Regarding international Flights from newly constructed Green Airport Terminal, Badodara.

**श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा) :** अध्यक्ष जी, धन्यवाद । आपने मुझे शून्यकाल में बोलने के लिए समय दिया । अध्यक्ष जी, मैं वड़ोदरा के नव-निर्मित ग्रीन एयरपोर्ट टर्मिनल भवन (अंतर्राष्ट्रीय स्तर का) अंतर्राष्ट्रीय हवाई उड़ान सेवा के लिए "हब एण्ड स्पोक " ऑपरेशन प्रारंभ करने के विषय में बोलने के लिए उपस्थित हुई हूँ । आदरणीय प्रधान मंत्री जी के करकमलों से वड़ोदरा में देश का दूसरा नव-निर्मित ग्रीन एयरपोर्ट टर्मिनल भवन का लोकार्पण हुआ है । अभी तक अंतर्राष्ट्रीय हवाई यात्रा के लिए गुजरात के 33 जिलों में तमाम हवाईयात्री, अहमदाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निर्भर रहे हैं ।

माननीय अध्यक्ष जी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का नव-निर्मित ग्रीन एयरपोर्ट टर्मिनल भवन, केवल वड़ोदरा और आस पास के 10 जिलों के ही नहीं किन्तु पूरे गुजरात के लिए एक नए विकल्प के रूप में प्रस्थापित हुआ है, क्योंकि वड़ोदरा देश का 18वां और राज्य का तीसरा बड़ा शहर है । मैं माननीय मंत्री जी से आस-पास के 9 से 10 जिलों से वड़ोदरा के लिए, वड़ोदरा ग्रीन एयरपोर्ट टर्मिनल भवन, कस्टम-इमिग्रेशन-सिक्योरिटी और एयर कार्गो की सेवा की मांग रखना चाहती हूँ । धन्यवाद । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री नारणभाई काछड़िया को श्रीमती रंजनबेन भट्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) :** अध्यक्ष जी, यह बहुत महत्वपूर्ण बात है ।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य प्लीज बैठ जाइए आप अलग से नोटिस दे दीजिए ।

…(व्यवधान)